फरीदाबाद रेलवे स्टेशन का विश्वस्तरीय स्टेशन की तर्ज़ पर होगा पुनर्विकास

चर्चा में क्यों?

15 सितंबर, 2022 को केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने बताया कि भारतीय रेल के रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की महत्त्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत फरीदाबाद रेलवे स्टेशन को विश्वस्तरीय रेलवे स्टेशन बनाने हेतु चयन किया गया है।

प्रमुख बिंदु

- केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने बताया कि पुनर्विकास कार्यों के द्वारा इस रेलवे स्टेशन पर रेल यात्रियों की सुविधाओं के लिये प्रमुख उन्नयन कार्य किये जाएंगे।
- इस परियोजना की कुल राशि 262 करोड़ रुपए है। प्रस्तावित योजना के अंतर्गत फरीदाबाद स्टेशन पर दोनों ओर आईकॉनिक भवन बनाए जाएंगे। इसके साथ ही रेलवे स्टेशन पर एयरपोर्ट की तरह आगमन व प्रस्थान की अलग-अलग सुविधा होंगी।
- स्टेशन के दोनों ओर मल्टी लेवल कार पार्किंग होगी। 72 मीटर चौड़ा सुसज्जित स्थान रेलवे स्टेशन के दोनों ओर होगा। 12 मीटर चौड़े दो फुट-ओवर-ब्रिज भी यहाँ बनाए जाएंगे, ताकि बाधारहित आवागमन किया जा सके।
- इसके अतिरिक्त अधिक क्षमता व स्थान युक्त प्रतीक्षालय क्षेत्र, फूड कोर्ट सहित अन्य सुविधाएँ भी यहाँ विकसित की जाएंगी।
- नए प्रस्ताव में रेलवे स्टेशन परिसर में ही स्थानीय परिवहन हेतु सुविधा का भी प्रावधान है। इसके साथ-साथ रेलवे स्टेशन के भवन को स्मार्ट तथा हरित भवन की तर्ज़ पर पुनर्विकसित किया जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/faridabad-railway-station-will-be-redeveloped-on-the-lines-of-a-world-class-station